# ...मुख्यमंत्री का चौथी बार बना बहरी दौरा, तैयारी में जुटा प्रशासन

## मुख्यमंत्री करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास, सीईओ जिला पंचायत ने बैठक लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जनवरी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का चौथी बार बहरी आने का कार्यक्रम फिर सुर्खियों में बना है। इस बार 9 जनवरी 2026 को बहरी में मुख्यमंत्री के आम सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम तय किया गया है।**



जिले के बहरी में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 9 जनवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जिले में पूर्ण हुए विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन कार्यों का शिलान्यास करेंगे तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के दौरे को व्यवस्थित, सफल एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, स्वच्छता एवं साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत द्वारा मंच एवं बैठक व्यवस्था, अतिथि सत्कार, मीडिया समन्वय, विद्युत आपूर्ति, स्वागत दल, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हितग्राही लाभ वितरण से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रवेश-निकास मार्गों की पृथक व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल के सख्त पालन के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन व्यवस्था को सक्रिय रखने की बात कही। बैठक में संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, उपखंड अधिकारी कुसमी विकास आनंद, सिहावल प्रिया पाठक, गोपद बनास राकेश शुक्ला, मझौली आर.पी.त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिल सकती है बड़ी सौगातें : विश्वामित्र



विधानसभा क्षेत्र सिहावल के विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री का 9 जनवरी 2026 को बहरी आगमन का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। क्षेत्रीय जनता जनार्दन मुख्यमंत्री के आने की बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र को कई बड़ी सौगातें मिल सकती हैं। उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्रीय जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए कई मांगों को पूरा किया जाएगा। जिसमें कुछ बड़ी मांगें भी जनता जनार्दन की पूरी होंगी।



# सीएम के कार्यक्रम को लेकर एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

## यातायात एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जनवरी। बहरी में 9 जनवरी को प्रस्तावित मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण से संबंधित तैयारियों का गहनता से जायजा लिया।**

पुलिस अधीक्षक ने आयोजन स्थल के प्रवेश एवं निकास मार्गों, बैरिकेटिंग व्यवस्था, पार्किंग स्थल, वीआईपी मूवमेंट, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी एवं निगरानी व्यवस्था सहित सभी सुरक्षा बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा सुरक्षा मानकों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए पृथक कार्ययोजना तैयार की जाए तथा महिला, बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान समय रहते लागू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं त्वरित प्रतिक्रिया दल को सतर्क रखने तथा कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, उपखंड अधिकारी कुसमी विकास आनंद, सिहावल प्रिया पाठक, गोपद बनास राकेश शुक्ला, चुरहट शैलेश द्विवेदी थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# मरीजों को मिलें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : विश्वामित्र

## रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जनवरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल की रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।**

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी दी गई। साथ ही अस्पताल में सोलर पैनल स्थापना, सफाई कर्मचारियों के मानदेय, स्टाफ ड्यूटी रूम, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था तथा आउटसोर्स के माध्यम से आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सीएमएचओ को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक श्री पाठक ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल सहित अन्य अस्पतालों में मरीजों को बिना किसी परेशानी के गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, शौचालयों की नियमित सफाई, तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल की आवश्यक व्यवस्थाओं, एम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों के सुचारू संचालन तथा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध कराने को लेकर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। इसके पश्चात विधायक ने अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार शीघ्र करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे, सीईओ जपं सिहावल सुश्री रश्मि पाण्डेय, बीईओ डॉ.स्वतंत्र पटेल, सिद्धार्थ गौतम, गजराज सिंह, फजल हमीद, जितेन्द्र सिंह, सरपंच श्रीमती मुन्नी देवी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुसुइया वाजपेई, बीआरसीसी मुन्नालाल साकेत सहित रोगी कल्याण समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सालय के उपसंचालक डॉ .एसके सिंह का सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति समारोह

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 7 जनवरी। सेमरिया पशु चिकित्सालय में उपसंचालक पद पर कार्यरत रहे डॉ.एस.के.सिंह के सेवानिवृत्त पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपसंचालक सीधी डॉ.अमित आनंद सोनी उपस्थित रहे।**




इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ.एस.के.सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में पशु चिकित्सा सेवा को नई दिशा दी तथा किसानों व पशुपालकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया। उनके कार्यों से विभाग को सशक्त पहचान मिली है। समारोह में अनिल कुमार सोनी, डॉ.श्रावण कुमार कुर्मी, डॉ.सलिल पाठक, डॉ.सव्यसांची त्रिपाठी, योगेश सिंह, डी.के.निगम, राजकुमार बड़कड़े, सूर्यभान साकेत, गुलाब सिंह, डॉ.शेफाली गुप्ता, अवध लाल विश्वकर्मा, अरुण कुमार बहेलिया, कुमलेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरस्वती बहेलिया, डॉ.अनामिका पाण्डेय वीएस सेमरिया चिकित्सालय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा संजय पांडे सरपंच प्रतिनिधि झगरहा, राजीव सोनी, जय सिंह, सुरेश द्विवेदी, हीरामणि बहेलिया, विनोद विश्वकर्मा, मनोज कोल, गुरु प्रसाद मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, सेमरिया पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा सहित सेमरिया चिकित्सालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ.एस.के.सिंह को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# पद्मधर पति त्रिपाठी की 56वीं जयंती पर जिला अस्पताल में मरीजों को कंबल एवं फल हुआ वितरण

▸ जिला अस्पताल में समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने की सहभागिता

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जनवरी। समय समूह के प्रधान संपादक स्व.पद्मधर पति त्रिपाठी की 56वीं जयंती पर आज 7 जनवरी 2026 को जिला अस्पताल में मरीजों को कंबल एवं फल वितरण किया गया। प्रधान संपादक कुशाग्र पति त्रिपाठी के नेतृत्व में सुबह 11 बजे से मरीजों को कंबल एवं फल वितरण शुरू हुआ। कंबल एवं फल वितरण में श्रीधर पति त्रिपाठी तथा श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी की सक्रिय सहभागिता रही।**



जिला अस्पताल में मरीजों को प्रधान संपादक स्व.पद्मधर पति त्रिपाठी की जयंती पर कंबल एवं फल वितरण की जानकारी दी गई। स्व.पद्मधर पति त्रिपाठी के जयंती कार्यक्रम में भारी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, व्यवसायी पहुंचे। इस दौरान लोगों ने उनके सहज स्वभाव, स्वच्छ पत्रकारिता के प्रति समर्पण की सराहना की। मालुम रहे कि स्व.पद्मधर पति त्रिपाठी सहज स्वभाव के साथ ही मिलनसार थे। उनके कार्यालय में इसी वजह से सभी वर्ग के लोगों की आवाजाही थी। उनके सानिध्य में आने वाले लोग अक्सर बैठक में शामिल होते थे। जन प्रतिनिधि भी उनके पास आकर लम्बी बैठक में शिरकत करते थे। छोटे-बड़े सभी के चहेते रहे स्वण् पद्मधर पति त्रिपाठी की यादें आज भी लोगों के जेहन में ताजी है।

### पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

समय कार्यालय में आज सुबह 10 बजे से प्रधान संपादक स्व .पद्मधर पति त्रिपाठी की जयंती पर तस्वीर में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम शुरू हुआ। पुष्पांजलि अर्पित करने का सिलसिला करीब एक घंटे तक चलता रहा। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात सभी लोग कंबल एवं फल वितरण के लिए जिला अस्पताल के लिए रवाना हुए।

### कार्यक्रम में इनकी रही खास सहभागिता

जिला अस्पताल में आज कंबल एवं फल वितरण में मुख्य रूप से पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ल, समाजसेवी डॉ .अनूप मिश्रा, उमेश तिवारी, केके तिवारी, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, दलबहादुर सिंह, इंजी .आशीष मिश्रा, कमल कामदार, विश्वबंधुधर द्विवेदी, श्रीमती नीलम पाण्डेय, श्रीमती अंजू पाठक, श्रीमती विभा शर्मा, सुरेन्द्र सिंह डैनिहा, सोमेश्वर सिंह, संपादक हंसराज दुबे, आदित्य नारायण सिंह, उपेन्द्र सिंह बाघेल, नीरज कुंदेर, विकास नारायण तिवारी, सत्येन्द्र पाण्डेय, यथार्थ कामदार, आरकेडीएम गांधी, कुंवर तिवारी, लाला चौबे, लाला दीक्षित, एड .रामगोपाल गुप्ता, सच्चिदानंद पाठक, कृपाशंकर तिवारी, धर्मेन्द्र सोनी, महेन्द्र सराफ, आनंद अकेला, शिव कुशवाहा, मनोज मिश्रा, श्यामनाथ नामदेव, रामस्वरूप तिवारी, अहिबरन केवट आदि शामिल रहे।

# अंकित ज्वेलर्स लूट मामले में डीआईजी को सौंपा ज्ञापन, अपराधियों के शीघ्र खुलासे की मांग

नवभारत न्यूज

**चुरहट 7 जनवरी। राष्ट्रीय सोनार समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सोनी के नेतृत्व में तथा जिला प्रभारी सीधी चेतमणि सोनी एवं सराफा मंडल अध्यक्ष रीवा सुधीर सोनी के तत्वाधान में 22 दिसम्बर 2025 को अंकित ज्वेलर्स पटपरा सीधी में हुई लूट की गंभीर घटना को लेकर संगठन द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया।**



ज्ञापन के माध्यम से लूट की घटना में शामिल अपराधियों के नामों के शीघ्र खुलासे एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने संगठन के प्रतिनिधिमंडल को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि मामले में अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय राष्ट्रीय सोनार समाज संगठन के पदाधिकारीगण एवं सोनी समाज के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से सुखनंदन सोनी चुरहट, राधिका सोनी बड़खरा, शंकर सोनी चुरहट, महावीर सोनी सीधी, सुरेश सोनी चुरहट, वीरेन्द्र सोनी पटपरा, मिश्रीलाल सोनी पटपरा, पुष्पेन्द्र सोनी चुरहट, धनेश सोनी हटवा सहित सोनी समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सोनार समाज ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही लूट कांड का खुलासा नहीं किया गया तो समाज आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगा। संगठन ने प्रशासन से सराफा व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की।

# सीएम के सीधी प्रवास को लेकर मजिस्ट्रेटियल ड्यूटी आदेश जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जनवरी। अपर जिला दण्डाधिकारी बीपी पाण्डेय द्वारा आदेश जारी कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 09 जनवरी 2026 को सीधी जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न अधिकारियों की मजिस्ट्रेटियल ड्यूटी उनके निर्धारित कार्यस्थलों पर लगाई गई है।**

जारी आदेश के अनुसार मंच स्थल पर राजेश शुक्ला संयुक्त कलेक्टर एवं राजेश शुक्ला उपखण्ड दण्डाधिकारी गोपद बनास की ड्यूटी लगाई गई है। हेलीपैड ग्राम बहरी तहसील बहरी पर विकास कुमार आनंद उपखण्ड दण्डाधिकारी कुसमी की, ग्रीन रूम में शैलेश द्विवेदी उपखण्ड दण्डाधिकारी चुरहट रामपुर नैकिन की तथा प्रदर्शनी स्थल पर अमित कुमार दुबे नायब तहसीलदार कुसमी की ड्यूटी निर्धारित की गई है। व्हीव्हीआईपी एवं व्हीआईपी प्रवेश द्वार पर साक्षी गौतम प्रभारी तहसीलदार चुरहट, सामान्य प्रवेश द्वार पर वेदवती सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार मझौली, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार दीर्घा में मुनेद्र प्रसाद तिवारी सहा.अधीक्षक भू अभिलेख की ड्यूटी लगाई गई है। पार्किंग स्थल छोटे वाहनों हेतु धनकुमार टोप्पो प्रभारी नायब तहसीलदार मड़वास तथा पार्किंग स्थल बड़े वाहनों हेतु चन्द्रप्रकाश तिवारी प्रभारी नायब वृत्त हनुमानगढ़ को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम स्थल पर सेक्टरवार मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा अन्य की ड्यूटी लगाई गई है।

# सीधी चैलेंज कप सीजन 9 : अपना फिलिंग मुंबई कांटे की टक्कर में 1 विकेट से जीती

## कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के चौथे दिन के मैच में समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश एवं अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के बीच हुआ रोमांचक मैच

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश और अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के मध्य हुए चौथे दिन के मैच मे दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई और मुंबई संघर्ष करते हुए अंतिम ओवर में मुकाबले में 1 विकेट से अपनी जीत दर्ज कर समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश को हराया।**



आज चौथे दिन के मैच मे सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा मुंबई क्रिकेट क्लब के फ्रेंचाइजी विनय सिंह परिहार अपना फिलिंग स्टेशन और समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश के फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा किया गया। टॉस जीतकर भदोही उत्तरप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.3 ओव्हर में 10 विकेट के नुकसान के साथ 167 रनों का लक्ष्य मुंबई क्रिकेट क्लब अपना फिलिंग स्टेशन के सामने रखा। जिसमे उमर ने 6 चौके लगाते हुए 51 रनों की तथा सौरभ शुक्ला 4 चौके लगाते हुए 31 रनों की शानदार पारी खेली और हलीम ने मात्र 27 रन देकर 3 विकेट झटके। जबावी पारी में अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब द्वारा पहले गेंद पर पहला विकेट खोने के बाद बल्लेबाजी करते हुए अमन यादव 37 रन, नवंकूर 36 रन और गौरव 30 रन बनाते हुए अंतिम ओव्हर तक संघर्ष करते हुए आज का मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेन्द्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार व हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेन्द्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

### रॉक मेंस रांची और एनएनएस भदोही के बीच मैच आज




छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के पूल ए का पांचवा मैच कल कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची और समय प्रेस एनएनएस क्रिकेट अकादमी भदोही यूपी के बीच गुरुवार को सुबह 10 खेला जाएगा। कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची और समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तरप्रदेश दोनों टीमें एक-एक मैच हार चुकी हैं तो कल के मैच में दोनों टीम में जी जान लगाकर मैच जीतने का प्रयास करेंगे, जिससे यह मैच काफी रोमांचक रहेगा है।

### मुंबई के गौरव दशोरे को मिला प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच




सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का चौथा मैच समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश और मुंबई क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा, लिहाजा क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का लुफ्त पूरे समय तक पूरी गर्म जोशी के साथ उठाया। अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी गौरव दशोरे जिन्होंने अंतिम गेंद तक खेलते हुए चार चौके की मदद से 30 रन बनाये को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ .अजय मिश्रा, मुंबई टीम के फ्रेंचाइजी अपना फिलिंग के संचालक विनय सिंह परिहार, एनएनएस भदोही टीम के फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी, मुंबई क्रिकेट क्लब के कोच अजय राजपूत, शिवम सिंह की गरिमामय विशेष उपस्थिति में मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से दिया गया।